

एसआईआर : मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई मतदाता सूची

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 21 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्मा की उपस्थिति में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तर पर फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली की प्रतियां उपलब्ध कराई गई।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत जारी कार्यक्रम अनुसार 21 फरवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाना था, जिस क्रम में आज जिले की दोनो विधानसभा क्षेत्र श्योपुर और विजयपुर के सभी 687 मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन अवसर पर एसडीएम गगन सिंह मीणा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन, भाजपा से दिनेश दुबोलिया, कांग्रेस से सुमेर सिंह पार्षद, बसपा से मिश्रालाल बैरवा एवं विकास कुमार बौद्ध, आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष अनिल मीणा, इलेक्शन सुपरवाईजर इमरान खान, अखलाक मोहम्मद आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्मा ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार आज एसआईआर अंतर्गत फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन सभी मतदान केन्द्रों पर कर दिया गया है, जिले के सभी 687 मतदान केन्द्रों पर फोटोयुक्त मतदाता सूची चस्पा कर दी गई है। उन्होंने जानकारी दी कि एसआईआर उपरांत श्योपुर जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 4 लाख 88 हजार 645 है, इसके अलावा 156 सेवा मतदाता भी है। जिले का ईपिक रेश्यो 56.89 प्रतिशत है तथा जेण्डर रेश्यो 887.92 है। उन्होंने बताया कि एसआईआर के तहत 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि को 18 वर्ष

की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं सहित अन्य शेष मतदाताओं के नाम जोडने की कार्यवाही की गई, जिसके माध्यम से 7 हजार 824 मतदाताओं के नाम जोडे गये है, जिनमें 3 हजार 943 पुरूष तथा 3 हजार 881 महिला मतदाता शामिल है। इसी प्रकार एसआईआर अंतर्गत मृत मतदाताओं सहित शिफ्टेड, रिपिटेड मतदाताओं के नाम हटाये गये है जिनकी संख्या 3 हजार 11 है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन ने बताया कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन अनुसार श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 2 लाख 47 हजार 180 है तथा 53 सेवा मतदाता है। श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 29 हजार 239 पुरूष एवं 1 लाख 17 हजार 940 महिला मतदाता है। इसके अलावा 1 मतदाता थर्ड जेण्डर के रूप में दर्ज है। इसी प्रकार विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 41 हजार 465 है तथा 103 सेवा मतदाता है। यहां पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 29 हजार 450 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 12 हजार 14 है। थर्ड जेण्डर मतदाता की संख्या 01 है। उन्होंने जानकारी दी कि मतदाता सूची में सर्वाधिक वोटर 30 से 39 वर्ष आयु समूह है, जिनकी संख्या 1 लाख 58 हजार 313 है। इसके पश्चात् 1 लाख 26 हजार 785 मतदाता 20 से 29 आयुवर्ग में है। 100 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं की संख्या भी 24 है। इसी प्रकार 18 से 19 वर्ष आयुवर्ग में 6 हजार 828, 40 से 49 आयुवर्ग में 91 हजार 477, 50 से 59 आयुवर्ग में 58 हजार 852, 60 से 69 आयुवर्ग में 30 हजार 347, 70 से 79 आयुवर्ग में 12 हजार 943, 80 से 89 आयुवर्ग में 2 हजार 761 तथा 90 से 99 आयुवर्ग में 315 मतदाता शामिल है।

प्रत्येक शिशु का जीवन, सुरक्षा एवं संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी-डीएम

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 21 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने कहा है कि नवजात शिशुओं को एकांत स्थानों, निर्जन स्थलों, झाडियों तथा खुले में अन्यत्र असुरक्षित स्थानों पर छोडने की घटनाएँ समाज एवं मानवता के लिए गंभीर चिंता का विषय है। प्रत्येक शिशु का जीवन, सुरक्षा एवं संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि ऐसे स्थानों पर कोई भी नवजात बच्चा मिले तो सबसे पहले उसे नजदीकी अस्पताल में पहुंचाकर मानव धर्म निभायें, उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में बच्चों को अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को किसी प्रकार की कानूनी समस्या का सामना नही करना पडेगा, इसलिए डरे नही, बल्कि शिशु का जीवन बचाने के लिए उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाने का कार्य करें।

इस प्रकार की घटनाएं सामने आने के बाद जिला प्रशासन द्वारा महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से एडवाईजरी जारी की गई है कि यदि किसी कारणवश बच्चे का पालन पोषण करने में असमर्थ है तो बच्चों को सुरक्षित स्थानों, वन स्टॉप सेंटर श्योपुर, जिला अस्पताल सहित अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर छोड सकते है। बच्चों को असुरक्षित स्थान पर छोड़ना दण्डनीय अपराध है। एडवाईजरी में कहा गया है कि यदि कोई दंपत्ति अपने बच्चों को अपने पास न रखना चाहते है तो बच्चे के जीवन को सुरक्षित करने के लिए उक्त स्थानों पर छोड सकते है तथा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, पुलिस थाना, डायल 112, बाल कल्याण समिति को सूचना दे सकते है।

ऐसे सुरक्षित स्थान पर बच्चों को छोड़ने वाले व्यक्तिध्संभावित माता-पिता की सूचना देने के उपरांत भी पहचान गोपनीय रखी जावेगी। सुरक्षित स्थान पर बच्चों को छोड़ने पर बच्चों को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में पंहुचाकर स्वास्थ्य देखभाल की जावेगी। बच्चों को 24 घन्टे के भीतर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा। यदि अभिभावक द्वारा बच्चों को नहीं अपनाया जाता है, तो बालक को दत्तक ग्रहण हेतु विधि मुक्त घोषित कर दिया जावेगा। विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण (शिशु गृह) में बच्चों का पालन पोषण किया जावेगा।

कलस्टर स्तरीय कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 21 फरवरी। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल जीवन मिशन अंतर्गत म.प्र. जल निगम अंतर्गत मूँझरी ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के तहत क्रियान्वयन सहायक संस्था उन्नति फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत छोटाखेड़ा में क्लस्टर स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जल निगम एसक्यूसी से एमसीएम सौरभ मिश्रा, एसीएम हरिनिवास शर्मा, राकेश शर्मा एवं संस्था प्रमुख शिशुपाल सिंह राजावत, मोबिलाइजर संतराम आर्य, महावीर धाकड सहित 18 ग्रामों के सरपंच, सचिव,रोजगार सहायक,आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा एवं स्वसहायता समूह के पदाधिकारी मौजूद रहें। कार्यशाला के दौरान सौरभ मिश्रा द्वारा मूँझरी ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

उत्साह के साथ जारी है सीप संकल्प पदयात्रा :पनार में पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 21 फरवरी। जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वाधान में सीप संकल्प पदयात्रा अपने पूरे जोश और उत्साह के साथ जारी है। नदी के किनारे-किनारे चल रहे पदयात्री सीप नदी के संरक्षण पर ग्रामीणों को जागरूक कर रहे है और पर्यावरण के साथ ही नदी संरक्षण का संदेश दे रहे है। श्योपुर शहर की जीवन रेखा कही जाने वाली सीप नदी के संरक्षण की दिशा में यह पदयात्रा प्रभावी साबित होगी।

विरासत मध्यप्रदेश न्याय चेप्टर श्योपुर अंतर्गत सीप संकल्प पदयात्रा का शुभारंभ गत शुक्रवार को उदगम स्थल पनवाडा से हुआ था, दो दिन की पदयात्रा के बाद पदयात्री आज नयागांव पहुंच गये है। शुक्रवार को रात्रि विश्राम गोरस में रहा और आज शनिवार को रात्रि विश्राम नयागांव में होगा। शनिवार की सुबह ग्राम गोरस के सरपंच रणवीर आदिवासी, जनपद सदस्य राम भारत मस्तुरिया, पैसा मोबिलाइजर अनुराग आदिवासी आदि ग्रामीणों द्वारा यात्रा को आगे बढने के लिए गांव से विदाई दी गई। सीप नदी के तटवर्ती रास्तों से होकर गुजर रही यह यात्रा दोपहर के समय पनार पहुंची जहां मानव फाउंडेशन के प्रमोद तिवारी द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। गोरस वृत्त के नायब तहसीलदार नरेन्द्र जैन भी यात्रा में शामिल हुए।

यात्रा के पनार ग्राम में प्रवेश अवसर पर युवा अमृतलाल आदिवासी की अगुआई में बस्ती वालों ने पदयात्रियों का स्वागत फूलो से किया, इस अवसर पर एक जन जागरूकता बैठक भी समुदाय के साथ हुई, जिसमें ग्रामीणों को सीप नदी के संरक्षण के साथ ही पर्यावरण बचानें का संकल्प

दिलाया गया। इसके साथ ही स्वच्छता और नशामुक्ति पर भी बात हुई।

दिन के तीसरे पहर यात्रा अपने अगले पडाव के लिए नयागांव की ओर बढी तथा मठ होते हुए नयागांव स्थित रामेश्वर मंदिर, जहां बडी संख्या में मौजूद ग्रामीणों द्वारा यात्रा की आगवानी की गई। इसके उपरांत सीप नदी का पूजन किया गया और महादेव का जलाभिषेक किया गया। संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल स्वच्छता के साथ ही नदी संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर मांगीलाल जाट, सत्यनारायण प्रजापति, अजीत जाट, सत्यनारायण जाट, पवन गोस्वामी, रामस्वरूप जाट, सचिन जाट, तरुण जाट, मोहन गोस्वमी, पटवारी रामदयाल जगा, ढोढपुर पटवारी दीप्ति अग्रवाल आदि ग्रामीण उपस्थित थे। पदयात्रा कैलाश पाराशर, जयसिंह जादौन, आदित्य चौहान सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पर्यावरण प्रेमियों के नेतृत्व में सतत् रूप से जारी है, जिसका समापन रामेश्वर त्रिवेणी संगम 25 फरवरी को होगा।

सीप नदी संकल्प पद यात्रा के लिए पंजीयन जारी

श्योपुर। जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वाधान में विरासत मध्यप्रदेश न्याय चेप्टर श्योपुर द्वारा सीप संकल्प पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। संकल्प पदयात्रा गत 20 फरवरी को सीप नदी के उदगम स्थल ग्राम पनवाडा से पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ हो गई है तथा 25 फरवरी को त्रिवेणी संगम रामेश्वर पर समापन होगी। नोडल अधिकारी जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद रूपेश उपाध्याय ने बताया कि यात्रा में भाग लेने के लिए पर्यावरण प्रेमी एवं नागरिकगण पोर्टल के माध्यम से पंजीयन करा सकते है।

विजयपुर में गांधी चौक से किला मार्ग तक अतिक्रमण का साम्राज्य

30 फीट की सड़क सिमटी 8-10 फीट में, स्कूली बच्चों की जान जोखिम में

नवभारत न्यूज

विजयपुर, 21 फरवरी। विजयपुर शहर के व्यस्ततम मार्गों में शामिल गांधी चौक से किले तक जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों अतिक्रमण कारियों के कब्जे में है। करीब 30 फीट चौड़ी यह सड़क अब सिमटकर महज 8 से 10 फीट रह गई है। हालत यह है कि पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है, जबकि इसी रास्ते से किले के अंदर संचालित शासकीय स्कूल एवं मदन मोहन जी का मंदिर भी है जिसमें श्रद्धालुओं को मंदिर आने-जाने में कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता है और सैकड़ों छात्र-छात्राएं प्रतिदिन आवागमन करते हैं। सुबह और दोपहर स्कूल समय पर हालात और भी भयावह हो जाते हैं। सड़क के दोनों ओर अस्थायी दुकानें, ठेले और स्थायी अतिक्रमण इस कदर फैल चुके हैं कि बच्चों को वाहनों के बीच से होकर निकलना पड़ता है। अभिभावकों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। 30 फीट की स्वीकृत चौड़ाई वाली सड़क पर अतिक्रमणकारियों ने मनमाने ढंग से कब्जा कर लिया है। न तो यातायात व्यवस्था बची है और न ही पैदल चलने की जगह। यह मार्ग न केवल स्कूल के बच्चों के लिए, बल्कि आम जनता के लिए भी मुख्य संपर्क मार्ग है। बाजार, किला क्षेत्र और आसपास के मोहल्लों को जोड़ने वाली इस सड़क पर दिनभर भीड़ बनी

रहती है। ऐसे में 8द्द10 फीट की संकरी पट्टी पर वाहन और पैदल यात्री एक साथ गुजरने को मजबूर हैं।

शहरवासियों ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटाया जाए और सड़क को उसकी मूल चौड़ाई में बहाल किया जाए। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी अप्रिय घटना की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन पर होगी। अब सवाल यह है कि क्या विजयपुर में कानून का राज बचेगा या अतिक्रमणकारियों का?

इनका कहना है...

मुझे आपके द्वारा पता चला है मैं अभी यहां पर नया आया हूं अगर आतक्रमण है तो उसको जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा।

मुख्य नगर परिषद अधिकारी विजयपुर
मनोज कुमार शर्मा

चना फसल के पंजीयन शुरू, 33 केन्द्र निर्धारित, अंतिम तिथि 16 मार्च

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 21 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा द्वारा समर्थन मूल्य पर चना फसल विक्रय करने हेतु विपणन रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर चना फसल के पंजीयन हेतु 33 केन्द्र निर्धारित किये गये है। चना फसल की पंजीयन अवधि दिनांक 20 फरवरी 2026 से 16 मार्च 2026 तक नियत है।

उप संचालक संचालक जीके पचौरिया ने बताया कि पंजीयन के लिए आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था मर्यादित आवदा, विपणन सेवा सहकारी संस्था कराहल, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित बड़ौदा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित बोरदादेव, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नयागांव तेहखण्ड, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित राडेप, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित लुहाड़, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित पिल्लोजपुरा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित तलावड़ा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नयागांव ढोढपुर, सेवा सहकारी संस्था उतनवाड, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित ओछापुरा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित रघुनाथपुर, विपणन सहकारी संस्था वीरपुर, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित विजयपुर, विपणन सहकारी समिति विजयपुर, सेवा सहकारी समिति सहसराम, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित श्योपुर, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित जलालपुरा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नागदा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित सोंईकलां, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नागरगावडा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित आसीदा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित वीजरपुर, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित ननावद, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित गोहेडा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित दातरदा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित मानपुर, सेवा सहकारी संस्था सोंठवा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित जावदेश्वर, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित तलावदा, सेवा सहकारी संस्था गुरुनावदा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित पाण्डोला केन्द्र बनाये गये है।

जो भी किसान भाई चना फसल का पंजीयन कराना चाहते है। वह उपरोक्त निर्धारित केन्द्रों पर अपनी फसल का पंजीयन करा सकते है। इसके अलावा एम.पी.किसान ऐप तथा एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोकसेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित सायबर कैफे पर भी फसल पंजीयन कराया जा सकता है।

खड़े ट्रक से टकराया कांच से भरा ट्रक, मौत

जबलपुर. पाटन थाना अंतर्गत ननुसर चौकी क्षेत्र में एक भीषण सडक़ हादसे में एक ट्रक चालक की जान चली गई. हादसा ग्राम सिमरिया के पास नेशनल हाईवे पर उस वक्त हुआ, जब एक तेज रफ्तार ट्रक सडक़ पर खड़े दूसरे ट्रक से पीछे से जा टकरा गया. ननुसर चौकी प्रभारी विपिन तिवारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक क्रमांक एमपी 20 जेड एक्स 9686 व्हाइट पाउडर लोड कर जा रहा था. वाहन में तकनीकी खराबी आने के कारण उसे पाटन बाईपास मार्ग पर एम.एम. इंटरनेशनल स्कूल के पास ग्राम सिमरिया में खड़ा किया गया था.

गढी में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 21 फरवरी। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा माननीय जुवेनाइल जस्टिस कमेटी हाईकोर्ट मध्यप्रदेश द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में 18 साल तक की आयु के सभी बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान हेतु जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में ग्राम गढी में आज स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प में डॉ. एके करोरिया मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ ललित शर्मा अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. संजय मंगल बाल

एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर राजकुमार सहायक नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ राजेश शाक्य ई.एन.टी विशेषज्ञ की टीम द्वारा 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों का परीक्षण किया गया, हाईस्कूल गढी में आयोजित शिविर में कुल 11 रजिस्ट्रेशन हुए तथा दिव्यांग बच्चों के यू डी आईडी प्रमाण पत्र बनाने के लिए 07 बच्चों की दिव्यांगता का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सतीश सिंह प्रशासनिक अधिकारी, अनिल यादव गतिशीलता प्रशिक्षक, राजभान पटेल आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में 23 फरवरी को नगरपरिषद बडौदा में, 28 फरवरी को जनपद पंचायत कार्यालय कराहल में, 02 मार्च को शासकीय हाईस्कूल पहेला में, 07 मार्च को पंचायत भवन मानपुर में, 09 मार्च को कार्यालय नायब तहसीलदार भवन गोरस में तथा 16 मार्च को शासकीय हाईस्कूल ओछापुरा में आयोजित किये जायेगे।

एसडीएम ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 21 फरवरी। एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीना द्वारा आज जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर, वार्ड एवं शौचालयों की साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। हेल्पडेस्क पर मरीजों एवं परिजनों को समुचित मार्गदर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए।

साथ ही वार्डों में बेडशीट का नियमित परिवर्तन, गंदे लिनेन के तत्काल प्रतिस्थापन तथा चिकित्सकों एवं स्टाफकी समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इमरजेंसी वार्ड में 24म7 दवाइयों, उपकरणों एवं आवश्यक स्टाफ की उपलब्धता बनाए रखने को कहा गया। अस्पताल परिसर में सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं अनाधिकृत पार्किंग पर नियंत्रण के निर्देश भी दिए गए।

वीरपुर में अटल ई-सेवा केन्द्र का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 21 फरवरी। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा पंचायतों में अटल ई-सेवा केन्द्र स्थापित किये जाने के निर्देशो के क्रम में आज ग्राम पंचायत वीरपुर में आज कॉमन सर्विस सेंटर अटल ई-सेवा केंद्र की शुरूआत की गई। अटल ई-सेवा केन्द्र का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष आकाश रावत द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री मदन मोहन योगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सीताराम राठौर, सूरज माहौर, ग्राम पंचायत बीरपुर के सचिव अशोक राठौर, रोजगार सहायक श्याम गुप्ता, सचिव जयराम रावत, पटवारी दुर्गेश सिंह सिकरवार, ग्राम पंचायत पांचो के सचिव मुरारी लाल गुर्जर एवं सीएससी संचालक महेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

सीएससी जिला प्रबंधक विनोद कुशवाह ने बताया कि यह अटल ई सेवा केंद्र सीएसएसी एंड ई-गर्वेनेस सर्विस इंडिया लिमिटेड की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर विभिन्न शासकीय एवं डिजिटल सेवाएं उपलब्ध होगी।

इस केंद्र के माध्यम से आधार कार्ड संबंधित सेवाएं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फॉर्मर रजिस्ट्री योजना, ई-केवाईसी, समग्र आईडी कार्य, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, पेंशन योजनाएं, बैंकिंग सुविधाएं, फसल बीमा योजना, फसल पंजीयन, आय, जाति एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र, पैन कार्ड सहित अन्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। ग्रामवासियों को इन कार्यों के लिए अन्यत्र जाने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी तथा डिजिटल सेवाओं का लाभ सीधे ग्राम स्तर पर प्राप्त होगा।

मातृभाषा की उपयोगिता विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 21 फरवरी। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में मातृभाषा की उपयोगिता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान ईश्वर वैष्णव, द्वितीय स्थान राधिका वैष्णव एवं तृतीय स्थान रितु मीणा के द्वारा प्राप्त किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को मातृभाषा के प्रति प्रेम तथा लगाव होना महत्वपूर्ण है। हिंदी के विभाग अध्यक्ष महाराज सिंह धाकड ने बताया कि व्यक्तित्व विकास के अधिक अवसर तभी मिलते है जब हम अपनी मातृभाषा पर गर्व महसूस करेंगे तथा उसकी पहचान बनाने में योगदान देंगे। इसके साथ ही डा भूपेन्द्र हरदेनिया, शिवम भदौरिया तथा अन्य प्रोफेसर्स द्वारा भी मातृभाषा पर उद्बोधन दिये गये।

पुलिस का वाहनचालक रिश्वत लेते गिरफ्तार

रीवा. जिले के सेमरिया थाना अन्तर्गत आने वाले चचाई पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई के वाहन चालक को लोकायुक्त टीम ने उस समय 30 हजार रुपए लेते धरदबोचा जब वह एएसआई के कहने पर रिश्वत की राशि लेने पहुंचा था. शिकायत में समझौता कराने के एवज में एक लाख की रिश्वत एएसआई ने मांगी थी.